पारिजात
पुष्पार्चन

रिजात अध्ययन केन्द्र

संकलन कार्य :

परिजात अध्ययन केन्द्र

बोडी, जम्मू के प्रकाशन विभाग द्वारा

पारिजात

पुष्पार्चन

संकलनकर्त्ता :

पुष्करनार्थ शर्मा

प्रधान सेवक अध्ययन केन्द्र

पारिजात अध्ययन केन्द्र

बोडी, जम्मू

प्रकाशक :
पारिजात अध्ययन केन्द्र
बोडी, जम्मू

मूल्य : 25-00 रुपये

प्रथम संस्करण : जनवरी, 1995

मुद्रक :
त्यागी प्रोसेस
2609/194, त्रीनगर, दिल्ली-110035

प्राक्कथन

पूरे एक वर्ष के पश्चात् आज पुनः पारिजात अध्ययन केन्द्र आप के सम्मुख अपनी शुभकामनाओं के साथ उपस्थित है। पाठकों के अनुरोध पर 'पारिजात' का वार्षिक अंक इस बार अर्थ सहित प्रकाशित किया गया है। हमारे जीवन के आधिभौतिक और आध्यात्मिक एवं सर्वविध अभ्युदय के लिए परमावश्यक है कि हम जिन मन्त्रों का भगवत् उपासना के रुप में पाठ करते हैं उनका उच्चारण शुद्ध हो और अर्थ स्पष्ट, ताकि जो हम बोलें उसका आशय समझकर भावविभोर हो जाएँ। 'पारिजात' पुस्तिका एक ऐसी पुष्पमाला है जिस के सुरभित एवं सुगन्धित पुष्प अनेक सुरवाटिकाओं से चुनचुन कर, पारिजात नामसूत्र में पिरोकर आपके घरों में भेजी जा रही है, ताकि इसकी सुरभि से आप सपरिवार पुनीत हो जायें।

आशा है कि इस संकलन को आप कण्ठस्थ करके हर दिन भगवान शंकर की उपासना हेतु प्रयोग में लाएँगे क्योंकि भारतीय दर्शन, संस्कृति और शास्त्रीय दृष्टिकोण से भगवान शंकर हमारे आराध्य देव हैं। वे आशुतोष हैं–स्वभाव से ही 'एवमस्तु' कहने वाले हैं। कदाचित हमारी प्रार्थना सुनकर 'एवमस्तु' कह दिया तो हम पार लग जायें ! मेरी कामना है कि–

अनल संभृतकान्ति दधत्सदा, रुचिरमारचिता स्पदमीक्षणम्।
सुमतये विधुरोपकृतिप्रियो, भवतु वो भगवान् भगवानिव।।

अर्थात्–सदैव ध्यान में निमग्न होने के कारण आलस्यरहित, सदैव अनुदम शोभावती श्री से आश्रित नेत्रों वाले और दीनों का उपकार करने वाले भगवान् बुद्धदेव के समान, सदैव अग्नि से उज्जवलित कान्ति वाले और मनोहर काम देव को भस्म करने वाले एवं त्रिपुरासुर को दग्ध करते समय श्री विष्णु को बाण बनाने वाले भगवान सदा शिव आप लोगों को भक्ति रुपी सुधा के रस में अनुराग रखने वाली सुन्दर मति प्रदान करें।

विनीत
पुष्करनार्थ शर्मा

'पारिजात' परिभाषा एवं उद्देश्य

समुद्र मंथन से प्राप्त चौदह अनमोल रत्नों में से सर्वोत्कृष्ट रत्न 'पारिजात' का मात्र कर्म भक्त जनों को अभीष्ट वर प्रदान करना, उनकी कामनाओं को पूर्ण करना एवं सर्वविध उद्धार करना है। इस कल्पवृक्ष की सुयोग्यता देखते हुए भगवान नारायण यहां तक कि भगवान आशुतोष ने 'पारिजात' नाम अपने लिए सहर्ष स्वीकार किया। अत: आनन्दनगर अध्ययन केन्द्र ने इसके इन ही गुणों के कारण एवं केन्द्र के उद्देश्यों के अनुरुप गुणों के कारण ही पारिजात नाम का चयन किया जो आज अपनी आभा युक्त किरणें भक्तों पर बिखेरे हुये है।

पारिजात अध्ययन केन्द्र की स्थापना कुछ ध्येय सामने रखकर कर की गई है, जिनकी प्राप्ति के लिए इसके कार्यकर्ता विशेष रुप से कृत संकल्प है। मुख्य ध्येयों की सूचि इस प्रकार है–

१. हिन्दू समाज में सुप्त धार्मिक चेतना को जागृत करना।

२. वर्तमान की विपरीत परिस्थितियों को अपने धर्म, अर्थ और समाज की उन्नति के अनुकूल बनाने का प्रयत्न करना।

३. समाज में व्याप्त कुप्रथाओं एवं कुरीतियों को समूल नष्ट करना और समाज के प्रति युवकों में उनके उत्तरदायित्व की भावना को उजागर करना।

तथा

धार्मिक महोत्सवों एवं सम्मेलनों द्वारा सामाजिक एकता का भाव सुदृढ़ करना।

विषय-सूची

श्री गुरुस्तुतिः

ॐ अखण्डमण्डलाकारं व्याप्तं येन चराचरम्
तत पदं दर्शित येन तस्मै श्री गुरुवेः नमः।

अर्थ–जिन से सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड चर और अचर सहित व्याप्त है, जिन्होंने उस परम् पद को सुगम किया, उन श्री गुरुदेव को नमस्कार है।

अज्ञान तिमिरान्धस्य ज्ञानांजन शलाकया
चक्षुरुन्मीलितम् येन, तस्मै श्री गुरुवेः नमः।

अर्थ–जिन्होंने अज्ञान रुपी अन्धकार में अन्धी आँखों को ज्ञानांजन की सलाई से सप्रकाश बनाया, उन श्रीं गुरुदेव को नमस्कार है।

अनेक जन्मसम्प्राप्तम् कर्म बन्ध विदाहिने
आत्मज्ञान प्रदानेन तस्मै श्री गुरुवेः नमः।

अर्थ–अनेक जन्मों से प्राप्त कर्मबन्धन को, आत्मज्ञान प्रदान करके जलाने वाले गुरुदेव को नमस्कार है।

शोषनम् भव सिन्धोश्च ज्ञापनं सार संपदा
गुरोः पादोऽदकम् सम्यक, तस्मै श्री गुरुवे नमः।

अर्थ–संसार रुपी सागर का सूख जाना और सार तत्त्व की संपदा को उपलब्ध होना श्री गुरु के चरणोऽदक से ही सम्भव है उन श्री गुरु को नमस्कार है।

न गुरोरधिकं तत्त्वम् न गुरोरधिकं तपः
तत्त्व ज्ञानात्परम नास्ति तस्मै श्री गुरुवेः नमः।

अर्थ–गुरु से अधिक कोई तत्त्व नहीं, गुरु से अधिक कोई तप नहीं, तत्त्वज्ञान से परे कोई नहीं ऐसे उन श्री गुरु को नमस्कार है।

मन्नाथः श्री जगन्नाथो मद्गुरुः श्री जगद्गुरु
मदात्मा सर्व भूतात्मा तस्मै श्री गुरुवेः नमः।

अर्थ—मेरे स्वामी श्री जगन्नाथ हैं, मेरे गुरु श्री जगद्गुरु, मेरा आत्मा समस्त प्राणिमात्र का आत्मा है ऐसे उन श्री गुरुदेव को नमस्कार है।

ज्ञानशक्ति समारुढः तत्त्वमाला विभूषितः
भुक्ति मुक्ति प्रदाता व तस्मै श्री गुरुवेः नमः।

अर्थ—ज्ञान शक्ति से समारुढ, तत्त्वरुपी माला से विभूषित, भुक्ति (सांसारिक सुख) एवं मुक्ति (मोक्ष) देने वाले श्री गुरुदेव को नमस्कार है।

गुरुरादिरनादिश्च गुरुः परम् दैवतम्
गुरोः परतरम् नास्ति, तस्मै श्री गुरुवेः नमः।

अर्थ—गुरु आदि और अनादि (दोनों) है, गुरु देवों के भी देव हैं, गुरु से भिन्न कोई नहीं उन श्री गुरु को नमस्कार है।

नमामि सद्गुरुम् शान्तम् प्रत्यक्षम् शिवरुपिनं
शिरसा योग पीठस्थम् धर्म कामार्थ सिद्धये।

अर्थ—जिन्होंने धर्म, अर्थ तथा काम की सिद्धि के हेतु सिर से योगासीन कराया, जो शान्त साक्षात् शिवरुप है ऐसे सद्गुरु को मैं नमस्कार करता हूँ।

श्री गुरुम् परमानन्दं वन्दाम्यानन्द विग्रहम्
यस्य सान्निध्य मात्रेण चिदानन्दायते पुमान्।

अर्थ—मैं उस परमानन्द की वन्दना करता हूँ जो आनन्द का विस्तार करने वाले हैं और जिन के सान्निध्य मात्र से मनुष्यों को चिदान्द की प्राप्ति होती है।

नमोऽस्तु गुरुवेः तस्मा इष्ट देव स्वरुपिने

यस्य वागमृतम् हन्ति विषं संसार संज्ञकम्।

अर्थ–जिसकी वाणी रुपी अमृत संसार नामक विष को समाप्त करता है, उस इष्ट देव स्वरुप गुरु को नमस्कार है।

श्री गुरुं ज्ञान सत्सिन्धुम् दीन बन्धुं दयानिधिं

देवी मन्त्र प्रदातारं ज्ञानानन्दम् नमाम्यहम्।

अर्थ–जो ज्ञान तथा यर्थाथता के सागर हैं दीनबन्धु हैं, दयानिधि हैं, दिव्यमन्त्र के प्रदाता हैं उन ज्ञानानन्द परमगुरु को मैं नमस्कार करता हूँ।

नमस्ते नाथ भगवन् शिवाय गुरुरूपिणे

विद्यावतार संसिधै स्वीकृतानेक विग्रहः।

अर्थ–हे नाथ, हे भगवन्, हे शिव, हे विद्यावतार एंव अनेक विस्तारों को स्वीकार करने वाले श्री गुरुरूप, आपको नमस्कार है।

नवाय नवरूपाय परमार्थैक रूपिने

सर्वज्ञान तमोभेदमानवे चिदनायते।

अर्थ–नित् नवीन रुप धारण करने वाले, परम लक्ष्य के एकमात्र स्वरूप, समस्त ज्ञानस्वरूप, (अज्ञान के) अन्धकार को दूर करने वाले सूर्य, तथा बुद्धि को सत्पथ पर चलाने वाले आपको नमस्कार है।

विवेकिनां विवेकाय प्रकाशाय प्रकाशिनाम्

ज्ञानिनां ज्ञानरूपाय विमर्शाय विमर्शिनाम्।

अर्थ–हे गुरुदेव, आप विवेकियों में विवेक, प्रकाशस्रोतों के प्रकाश, ज्ञानियों के ज्ञानतत्त्व तथा विमर्शियों के विमर्श हैं।

ध्यानमूलम् गुरोमूर्त्ति पूजामूलं गुरोपदम्

ज्ञानमूलम गुरोर्वाक्यम् मोक्ष मूलं गुरोकृपा।

अर्थ–गुरुमूर्ति ही ध्यान का मूल है, पूजा का मूल गुरुचरण हैं, ज्ञान का मूल गुरुवाक्य तथा मोक्ष का मूल गुरु कृपा है।

ब्रह्मानन्दम् परम् सुखदम् केवलम् ज्ञानमूर्तिम्
द्वन्द्वातीतम् गगन सदृशं तत्त्वमस्यादिलक्ष्यम्
एकं नित्यम् विमलमचलं सर्वधीसाक्षिमूतं
भावातीतं त्रिगुणरहितं सदगुरुं तम् नमामि ॥

अर्थ–ब्रह्मानन्दस्वरुप परम सुखदायक, विशुद्ध ज्ञानमूर्ति आकाशवत् व्यापक (तत्त्वम् असि) जैसे महान वाक्यों को दर्शाने वाले, अद्वितीय, शाश्वत, मलविक्षेप आदि दोषों से रहित, षड्भावविकारों से रहित, तीनों गुणों से परे उस सद्गुरु को नमस्कार है।

ॐ नमः शिवाय

तस्मै नमः परम कारण कारणाय
दीप्तोज्जलज्वलित्त पिङ्गललोचनाय
नागेन्द्रहार कृतकुण्डल भूषणाय
ब्रह्मेन्द्रविष्णु नमिताय नमः शिवाय ॥

अर्थ–जो कारण के भी परम कारण हैं, अति दीप्तिमान उज्जवल नेत्रों वाले हैं, सर्पराजों के हार–कुण्डल आदि से भूषित हैं, तथा जिनके सामने ब्रह्मा, विष्णु और इन्द्र आदि झुकते हैं उन श्री शंकर को मैं नमस्कार करता हूँ।

सर्वेश्वरत्वे सति भस्मशायिने
उमापतित्वे सति चोर्ध्वरेतसे

वित्तेश भृत्येसति चर्मवाससे

निवृत्त रागाय नमः तपस्विने ॥

अर्थ–सर्वेश्वर होने पर भी भस्म में सोने वाले, उमापति होने पर भी अखण्ड ब्रह्मचारी हैं, कुबेर जैसे सेवक रखते हुए भी गजचर्म पहनने वाले, उस राग से निवृत्त तपस्वी को नमस्कार।

गोरीश्वराय भुवनत्रय कारणाय

भक्तिप्रियाय भवभीति हर भवाय

शर्वाय दुःख शमनाय वृषध्वजाय

रुद्राय काल-दहनाय नमः शिवाय।

अर्थ–गौरीपति, तीनों भुवनों के मूलकारण, भक्तिप्रिय, संसार रुपी भय के नाशक, भव दुःख हारी शर्व, वृषध्वज रुद्र, काल के भी संहारक भगवान शिव को नमस्कार।

श्री मत्प्रसन्न शशि पन्नग भूषनाय

शैलेन्द्रजावदन चुम्बित लोचनाय

कैलास मन्दर महेन्द्र निकेतनाय

लोक त्रयार्ति हरणाय नमः शिवाय।

अर्थ–शोभायमान एवं निर्मलचन्द्र तथा सर्प ही जिनके भूषण हैं, पार्वती जी अपने मुख से जिनके लोचनों का चुम्बन करती हैं, कैलास और महेन्द्रगिरि जिनके निवासस्थान हैं तथा जो त्रिलोकी के दुःख दूर करने वाले हैं उन श्री शंकर को नमस्कार करता हूँ।

लम्बत्सपिङ्गल जटा मुकुटोत्काय

दंष्ट्राकराल विकटोत्कट भैरवाय

व्याधाजिनाम्बरधराय मनोहराय

त्रैलोक्यनाथ नमिताय नमः शिवाय।

अर्थ–जो लटकती हुई पिंङ्गलवर्ण जटाओं के सहित मुकुट धारण करने से उत्कट जान पड़ते हैं, विकराल दाढ़ों के कारण जो अति विकट और भयानक प्रतीत होते हैं, जो व्याघ्र-चर्म धारण किए हुए हैं, जो अति मनोहर हैं तथा लोकों के अधीश्वर जिन के सामने झुकते हैं उन शंकर जी को प्रणाम है।

दक्ष प्रजापति महामख नाशकाय

क्षिप्रं महात्रिपुर दानव घातनाय

ब्रह्मोर्जितो र्ध्वंग करोटि निकन्तनाय

योगाय योग नमिताय नमः शिवाय।

अर्थ–दक्ष प्रजापति के महायज्ञ को ध्वसं करने वाले, महान त्रिपुरासुर को शीघ्र मारने वाले, ब्रह्मा के ऊर्ध्वमुख का छेदन करने वाले योगस्वरुप, योग से नमस्कृत शिव को मैं नमस्कार करता हूँ।

संसार सृष्टि घटना परिवर्तनाय

सिद्धोरगग्रह गणेन्द्र निषेविताय।

रक्षः पिशाचगण सिद्ध समाकुलाय

शार्दूल चर्म वसनाय नमः शिवाय।

अर्थ–जो संसार रचना का परिवर्तन करने वाले हैं, सिद्ध, सर्प, ग्रहगण तथा इन्द्रादि से सेवित हैं, जो राक्षस, पिशाचगणों से घिरे रहते हैं तथा जो व्याघ्र चर्म धारण किये हुए हैं, उन श्री शंकर को नमस्कार करता हूँ।

आदित्य सोमवरुणानिल सेविताय
यज्ञाग्नि होत्र वर धूम निकेतनाय
ऋक् सामवेद मुनिभिः स्तुति संयुताय
गोपाय गोपनमिताय नमः शिवाय।

अर्थ–जो सूर्य, चन्द्र, वरुण और पवन से सेवित हैं, यज्ञ और अग्निहोत्र के धूम में जिनका निवास है, ऋक, सामादिवेद और मुनिजन जिनकी स्तुति करते हैं उन नन्दीश्वर पूजित गौओं का पालन करने वाले महादेव जी को मैं नमस्कार करता हूँ।

विनय

ॐकारेण विहीनस्य नित्यमुद्विग्न चेतसः
ताप त्रयाग्नि तप्तस्य त्राण कुरु महेश्वरः।१।

अर्थ–हे महेश्वर, मुझ ओंकार विहीन, नित्य उद्विग्न चित्त तथा तीन प्रकार की तापाग्नि से तपाये को बचाओ।

मदनोरग दष्टस्य क्रोधाग्नि ज्वलितस्य च
लोभ मोहादि सक्तस्य त्राणं कुरु महेश्वरः।२।

अर्थ–हे महेश्वर, मुझ कामरुपी सर्प से काटे हुए, क्रोधाग्नि से जलते हुए, तथा लोभ एवं मोह आदि में आसक्त का परित्राण करो।

भटैनानाविधेर्घोरै र्यमस्याज्ञा विधायकैः
तां दशां नीयमानस्य त्राणं कुरु महेश्वरः।३।

अर्थ–हे महेश्वर, यमराज की आज्ञा का पालन करने वाले नाना

प्रकार के भयंकर रुप धारी किंकरों द्वारा उस दशा (परलोक की ओर) जाए जाते हुए मेरा परित्राण करो।

काय पोषण सक्तस्य, रोग शोका कुलस्य च

भवार्णव निमग्नस्य, त्राणं कुरु महेश्वरः।४।

अर्थ–हे महेश्वर, मुझ शरीर के पोषण में आसक्त, रोग एवं शोक से आकुल तथा संसार सागर में डूबे हुए का परित्राण करो।

दुष्टस्य नष्ट चित्तस्य, शिवमार्गो ज्यिफतस्य च

अनाथस्य जगन्नाथ त्राणं कुरु महेश्वरः।५।

अर्थ–हे जगन्नाथ, है महेश्वर, मुझ दुष्ट, नष्ट चित्त, शिव मार्ग को छोडे हुए अनाथ का परित्राण करो।

तृष्णा श्रृंखलयानाथ, बद्धस्य भयपंजरे

कृपार्द्र दीनचित्तस्य त्राणं कुरु महेश्वरः।६।

अर्थ–हे नाथ, हे महेश्वर, मुझ तृष्णा की जंजीर में बंधकर, भय के पिंजरे में पडे हुए दीनचित्त का कृपार्द्र होकर परित्राम करो।

हा हतोस्मि विनष्टोस्मि दष्टोस्मि चपलेन्द्रियैः

भवार्णव निमग्नोस्मि त्राणं कुरु महेश्वरः।७।

अर्थ–हाय मारा गया हूँ, नष्ट हो गया हूँ। चंचल इन्द्रियों द्वारा काट दिया गया हूँ, संसार सागर में डूब गया हूँ, मेरा परित्राण करो।

यदि नास्मि महापापी, यदि नास्मि भयान्वितः

यदि नेन्द्रिय संसक्तस्तत्कोर्थ शरण मम।८।

अर्थ–यदि मैं महापापी न होता, यदि मैं भयभीत न होता, यदि मैं इन्द्रियों में आसक्त नहीं होता तो आप के शरण की मुझे क्या आवश्यकता होती।

आर्तो मत्सदृशोनान्यस्त्वत्तों नान्यः कृपापरः
तुल्यैवा वयोर्योगः कथं नाथ न पाहिमाम्।९।

अर्थ–मेरे समान कोई आर्त्त नहीं और आपके समान कोई दयालु नहीं, अतः हम दोनों का संयोग मिला है। हे नाथ, आप फिर भी रक्षा क्यों नहीं करते?

द्वेष्योहं सर्वजन्तूनां बन्धूनां च विशेषतः
सुहृदवर्गस्य सर्वस्य किमन्यत्कथयामिते।१०।

अर्थ–सब प्राणियों का, विशेषकर बन्धुओं का तथा समस्त मित्रवर्ग का द्वेषी हूँ, इस के अतिरिक्त मैं आपसे क्या कहूँ (कि सब से अलग पड़ा हूँ।)

माता पितृ विहीनस्य दुःख शोका तुरस्य च
आशा-पाश निबद्धस्य, राग-द्वेषा युतस्य च।११।

अर्थ–माता-पिता से रहित, दुःख तथा शोक से आतुर, आशा-पाश से बंधा, राग-द्वेष से मैं युक्त हूँ, अर्थात् मैं समस्त क्लेशों से ग्रस्त हूँ।

देव देव महादेव शरणागत वत्सल
नान्यस्त्रातास्ति में कश्चित् त्वद्दृते परमेश्वर।१२।

अर्थ–हे देवों के देव महादेव, हे शरणागत वत्सल, हे परमेश्वर, आपको छोड़कर मेरी रक्षा करने वाला कोई और नहीं।

आशिरवान्त निमग्ननोस्मि दुस्तरे भवकर्दमे
प्रसीद कृपया शम्भो पादाग्रेणोद्धरस्वमाम्।१३।

अर्थ–मैं इस संसार रुपी कीच में शिखा तक डूब चुका हूँ। हे शम्भो, आप प्रसन्न हों। कृपा करके अपने चरणाग्र से मेरा उद्धार करें।

श्रुत्वा में भवभीतस्य भगवान करुणागिरः

तथा कुरु यथा भूयो, न बान्धते भवापदः।१४।

अर्थ—हे भगवन्, संसार से डरे हुए मुझ आर्त की करुण वाणी सुनकर आप ऐसा करें कि संसार रुपी आपत्ति फिर मुझे बन्धनयुक्त न कर दे।

आपन्नोऽस्मि शरण्योस्मि सर्वावस्थाऽस्मि सर्वदा

भगवस्त्वां प्रपन्नोऽस्मि, रक्षमां शरणागतम्।१५।

अर्थ—मैं शरणेच्छु (शरण में जाने का इच्छुक) आपके पास आ गया हूँ और सभी अवस्थाओं में एवं सर्वदा आपकी शरण में हूँ, अतः मुझ शरणागत की रक्षा करो।

आर्तनाद

संसार पाश दृढ़ बन्धन पीडितस्य

मोहान्धकार विषयेषु निपातितस्य

कामार्दितस्य भयराग खलीकृतस्य

दीनस्य मे कुरु दया परलोकनाथ ॥१॥

अर्थ—हे परलोक के स्वामी, मुझ भवबन्धन से पीडित, मोहान्धकार द्वारा विषयों में निमग्न, काम द्वारा मर्दित तथा भय एवं राग के द्वारा दुष्ट बनाये दीन पर दया करो।

दीनोऽस्मि मन्द धिषणोऽस्मि निराश्रयोऽस्मि
दासोऽस्मि साधु जनता-परिवर्जितोऽस्मि
दुष्टोऽस्मि दुर्भग रतोस्मि गतत्रयोऽस्मि
धर्मोज्झितोऽस्मि विकलोऽस्मि कलंकितोऽस्मि ।।२।।

अर्थ—मैं दीन हूँ, मंद हूँ, निराश्रय हूँ, दास हूँ, साधुओं के संग से रहित हूँ, दुष्ट हूँ, दुराचारी हूँ, निर्लज्ज हूँ, धर्मभ्रष्ट हूँ, व्याकुल हूँ और कलंकित हूँ।

भीतोऽस्मि भंगुरतोऽस्मि भयानकोऽस्मि
शंकाशतव्यति कराकुल चेतनोऽस्मि
रागादि दोष निचयैर्मुखरी कृतोऽस्मि
सत्यादि शौच नियमैः परिवर्जितोऽस्मि ।।३।।

अर्थ—मैं भयभीत हूँ (क्योंकि) क्षणभंगुर हूँ, भयानक हूँ, सैंकडों शंकाओं की उलझन से मेरी बुद्धि आकुल हो गई है। रागादि दोषों ने मुझे बर्हिमुख्ट बना दिया है यम तथा नियम से मैं रहित हूँ।

जन्माटवी भ्रमण-खेदित मारुतोऽस्मि
नित्यामयोऽस्म्य शरणोऽस्म्य समंजसोऽस्मि
आशा निरंकुश पिशाचिक-पाचितोऽस्मि
दासोऽस्मि हा पशुपते शरणागतोऽस्मि ।।४।।

अर्थ—जन्म-मरण रुपी वायु द्वारा संसार वन में भ्रमण करते करते अति दुखी हो गया हूँ, नित्य रोगग्रस्त रहता हूँ, अशरण हूँ, असमंजस में पड़ा हूँ, बेरोक आशा रुपी पिशाचिनी मुझे पका रही है। हे पशुपति, मैं निस्सहाय आपका दास आपकी शरण आया हूँ।

न सोदरो न जनको जननी न जाया
नैवात्मजो न च कुलं विपुलं बलंवा।
संदृश्यते न किल कोऽपि सहायको में
तस्मात्वमेव शरणं मम देव देव ! ॥५॥

अर्थ—भाई, पिता, माता, स्त्री, पुत्र, कुल एवं विपुल बल—कोई भी मुझे अपना सहायक नही दीखता, अतः हे देवों के देव, आप ही मेरी एकमात्र शरण हैं।

नोपासिता मदमपास्य मया महान्तस्ती-
र्थानि चास्तिकधिया नहि सेवितानि।
देवार्चनं न विधिवन्न कृतं कदापि
तस्मात्त्वमेव शरणं मम शूलपाणे ॥६॥

अर्थ—मैंने न तो अभिमान को छोड़कर महात्माओं की आराधना की, न आस्तिक बुद्धि से तीर्थों का सेवन किया और न कभी विधि पूर्वक देवार्चन ही किया। अतः हे त्रिशूलधारी, आप ही मेरा एक मात्र सहारा हैं।

दुर्वासना मम सदा परिकर्षयन्ति
चित्तं शरीरमपि रोगगणा दहन्ति
सञ्जीवनं च परहस्तगतं सदैव
तस्मात्त्वमेव शरणं मम प्राणनाथ ॥७॥

अर्थ—दुर्वासनाएं सदा मेरे मन को खींचती रहती हैं, अनेकानेक रोग मेरे शरीर को तपाते रहते हैं, और मेरा जीवन तो सदा परवश ही है। अतः हे प्राणनाथ, आप ही मेरे एकमात्र शरण हैं।

पूर्वं कृतानि दुरितानि मयातु यानि
स्मृत्वाखिलानि हृदयं परिकम्पते मे
ख्याताचते पतित पावन तातु यस्मात्
तस्मात्त्वमेव शरणं मम देव देव ॥८॥

अर्थ–पहले मुझ से जो-जो पाप हुए हैं उन सब को याद करके मेरा हृदय काँपता है। किंतु आपकी पतितपावनता तो प्रसिद्ध है, अतः हे देवों के देव, आप ही मेरे एकमात्र शरण हैं।

दुखं जरा जननजं विविधाश्च रोगाः
काकश्चसूकर जनिर्निरये च पातः
ते विस्मृतेः फलमिदं विततंहि लोके
तस्मात्त्वमेव शरणं मम देव देव ॥९॥

अर्थ–हे प्रभो ! आपको भूलने से संसार में जरा-जन्मादि से उत्पन्न दुःख, नाना प्रकार के रोग, कौआ, सुअर, कुत्ता आदि योनियाँ तथा नरकवास-यही फल मिलते है। अतः हे देवादिदेव, आप ही मेरे एक मात्र शरण है।

नीचोऽपि पापवलितोऽपि विनिन्दितोऽपि
ब्रूयात्तवाहमिति यस्तु किलैकबारम्
तं यच्छसीश निजलोकमिति व्रतं ते
तस्मात्त्वमेव शरणं मम देव देव ॥१०॥

अर्थ–नीच, महापापी अथवा निन्दित जो भी हो, एक बार भी यदि यह कह देता है कि "मैं आप का हूँ" उसे आप अपना धाम दे डालते हैं, यह आपका व्रत है, अतः मुझ पापी की आप ही एक गति हैं।

पापः खलोऽहमिति नार्हसि मां विहातुं

किं रक्षया कृतमतेरकुतोभयस्य।

यस्मादसाधुर धमोऽहमपुण्यकर्मा

तस्मात्तवास्मि सुतरामनु कम्पनीयः ॥११॥

अर्थ–हे विभो ! 'मैं रवल औ-पापी हूँ' यह समझकर आप मेरा परित्याग मत कीजिये। क्योंकि सर्वथा निर्भय और पुण्यात्मा को आपकी रक्षा से क्या प्रयोजन है। चूँकि मैं अत्यन्त असाधु, अधम और पापात्मा हूँ, इसी लिए आप परमदयालु का अत्यन्त अनुकम्पनीय हूँ।

स्वैरेव यद्यपि गतोऽहमधः कुकृत्यै–

स्तत्रापिनाथ तव नास्म्यवलेपपात्रम्

दृप्तः पशु पतति यः स्वमन्धकूपे

नोपेक्षते तमपि कारुणिको हि लोकः॥ १२॥

अर्थ–हे नाथ ! यद्यपि मैं अपने ही कुकर्मों से उस अधोगति को प्राप्त हुआ हूँ, तथापि आप के तिरस्कार का पात्र नहीं हूँ। ज़रा सोचिये यदि कोई पशु (अपने तारुण्यमद से गर्वित हो)। किसी अन्धकूप में गिरता है तो उसे भी दयालु लोग उपेक्षित नहीं करते अर्थात् उस कूप से निकाल ही लेते हैं।

अत्यन्नतान्निज पदाच्चपलश्च्युतोऽयं

भूरीन्भ्रमिष्यति जड प्रकृतिः कुमार्गान्

मत्वेति चेत्त्यजसि मामयमीदृगेव

गाङ्गस्त्वया किमिवि मूर्ध्नि धृतः प्रवाहः॥१३॥

अर्थ–हे नाथ ! 'अतीत उन्नत पद से च्युत चपल स्वभाव यह

दुष्टात्मा अनेक कुमार्गों में भटकेगा', ऐसा सोचकर यदि आप मेरा परित्याग कर रहे हैं, तो इन्हीं अवगुणों से भरे इस गङ्गा-प्रवाह को मस्तक पर क्यों धर लिया?

हन्तायमार्तिमपि नारकिणो धृतश्चेत्
मूर्ध्नां किलेति वहसे यदि गाङ्गमोधम्।
एतत्तवोचितमनाथ जनार्ति भङ्ग
हेवाकिनो धनघृणामृत सागरस्य॥१४॥

अर्थ—यदि इस अभिप्राय से कि 'यह पापी लोगों की पीडाओं को दूर कर देगा' आपने इसे मस्तक पर धारण किया तो हे नाथ ! अनाथजनों के दुःख भार को दूर करने में तत्पर आप करुणा सागर का यह कर्त्तव्य उचित ही हैं।

अस्मादृशस्य रसना तु सहस्त्रधेयं
गच्छेदवाप्य तव शीर्षमि तीरयन्ती।
किन्तूद्धरामि भवदग्रपदावमर्श
मात्रादहं त्रिजगतीमिति मे प्रतिज्ञा॥१५॥

अर्थ—ऐसी स्थिति में हम जैसे भक्तजनों की रसना यदि यह कहने की धृष्टता करे कि नाथ ! मैं भी आपके मस्तक पर गङ्ग के समान सुखपूर्वक रहूँगी' तो इसके टुकडे-टुकडे हो जायँ ! किन्तु मेरी तो यही प्रतिज्ञा है कि मैं केवल आपके चरणाग्र के स्पर्श मात्र से क्षणभर में त्रिलोकी का उद्धार करुँगा।

क्षामो निकाम जडिमा कुटिलः कलावान्
दोषाकरोऽयमिति चेत्यजसि प्रभो माम्।
एतादृशैरुपगतोऽपि समस्तदोषैः
कस्मात्वया शिरसि नाथ धृतः शशाङ्कः ॥१६॥

अर्थ–हे प्रभो ! यह प्राणी अत्यन्त कृश, जड कुटिल-अन्तःकरण, कलावांन और दोषाकर है, यह समझकर यदि आप मेरा परित्याग करते हैं, तो फिर आपने ऐसे ही अवगुणों वाले शशाङ्क को मस्तक पर क्यों धारण किया ? यह भी तो अत्यन्त कृश, जडिमा (शीतलता) युक्त, कुटिल, कलावान और दोषाकार है।

पाप ग्रहो धृतिमुपैति विना परेषां
न स्वापहारमय मित्यथ मां जहासि
एवं विधोऽपि तव दक्षिण दृष्टि पात
पात्र त्वमीश्रर कथं रचिमानुपेत ः॥१७॥

अर्थ–हे प्रभो ! यदि आप यह समझकर कि 'यह पापात्मा दूसरों के स्व का अपहरण किये बिना चैन नही पाता,' मेरा परित्याग करते हैं तो (यह बताइये) इस लालची सूर्य को आपने अपने दक्षिण नेत्र में सस्नेह कैसे धारण किया है? क्योंकि यह भी तो पापग्रह है और हर एक के स्वाप का (नीदं को) हरण किये बिना चैन नहीं पाता।

अत्यूष्मलं मलिन मार्गमनेक जिह्वं
स्पर्शेऽप्यनर्हमवधार्य जहासि चेन्माम्
एतादृशोऽपि शुभदृष्टि निवेशनस्य
पात्रीकृतः कथमयं भवताश्रयाशः ॥१८॥

अर्थ–और यदि मुझे अत्यूष्मल, मलिन मार्ग अनेक जिहावों वाला और स्पर्श के भी अयोग्य समझकर मेरा त्याग कर रहे हो तो फिर ठीक ऐसे ही आश्रयाश (अग्नि) को सपक्षपात अपने तृतीय नेत्र में क्यों धारण किया है? यह भी तो अत्यूष्पल (तपानेवाला), मलिनमार्ग, अनेक जिह्व और उष्ण होने के कारण स्प्पर्श के भी अयोग्य है।

निष्कर्ण एष कुसृति व्यसनी द्विजिह्वो
मत्वेति चेत्यजसि निःशरण प्रभो माम्
एतादृशोऽपि पवनाशन एष कस्मात्
श्रीकण्ठ कण्ठ पुलिने भवता गृहीतः ॥१९॥

अर्थ–प्रभो ! यह पुरुष निष्कर्ण (किसी की बात न सुनने वाला) कुसृति-व्यसनी (कुमार्ग गामी) और द्विजिह्व (असत्यवादी) है, ऐसा समझकर आप मेरा परित्याग कर रहे हैं तो फिर श्रीकण्ठ ! इन ही दोषों से भरे वासुकी सर्ष को अपने कण्ठ में क्यों धारण किया है।

जिह्वा सहस्त्र युगलेन पुरा स्तुतस्त्व-
मेतेन तेन यदितिष्ठति कण्ठपीठे
एकैव मे तब नुतौ रसनास्ति तेन
स्थानं महेश भवदङ्घ्रितले ममास्तु॥२०॥

अर्थ–महेश ! इस सर्पराज वासुकि ने पहले अपनी दो हज़ार जिह्वाओं से आप की स्तुति की थी। उससे प्रसन्न हो यदि आप ने इसे अपने गले में स्थान दिया है तो मेरे पास आप की स्तुति करने के लिए एक ही जिह्वा है, अतः इस की बराबरी का स्थान न देकर आपके चरण तल में ही मेरा स्थान हो।

शृङ्गी विवेक रहितः पशुरुन्मदोऽयं
मत्वेति चेत्परिहरस्यतिकातंर माम्।
एवं विधोऽपि वृषभश्चरणार्पणेन
नीतस्त्वया कथमनुग्रहभाजनस्त्वम्॥२१॥

अर्थ–'यह पुरुष शृङ्गी (अहंकारी) विवेक रहित, पशु समान उन्मत्त है' ऐसा समझकर यदि आप मेरा परित्याग कर रहे हो, तो फिर

आप ने फिर मेरे ही जैसे–शृङ्गी, विवेक रहित पशु और उन्मद–नन्दी को भी अपने चरण कमल अर्पित कर अनुग्रह का पात्र कैसे बनाया।

पृष्ठे भवन्तमयमुद्वहते कदाचि-
देतावता यदि तवैति दयास्पदत्वम्।
स्वामिन्नहं तु हृदयेऽन्व हमुद्वहामि
त्वामित्यतः कथमहो न तवानुकम्प्यः।।२२।।

अर्थ–यह बैल आपको कभी कभी अपनी पीठ पर बैठा इधर उधर ले जाता है। यदि इसी कारण यह आपकी दया का पात्र बना है, तो स्वामिन् ! मैं तो आपको प्रतिक्षण अपने हृदय में वहन करता हूँ, तो फिर मैं आप का दया पात्र क्यों नही बन पाता।

भक्तप्रियः स्वयमपि क्षुधयान्वितस्य
पानोत्सवैकरसिकोऽपि पिपासितस्य
तापातुरस्य घनसेवन सादरोऽपि
जानासि नाथ न कथं सहसा ममार्तिम्।।२३।।

अर्थ–नाथ–[साधारण पुरुष भी क्षुधा-पिपासा कुल प्राणी के दुःखों पर विचार करता है] आपतो स्वयं भक्त प्रिय होकर भी क्षुधापीडित की पीडा को तत्काल क्यों नहीं जान लेते ? पानोत्सव (त्रैलोग्य संरक्षण) के एक मात्र रंसिक होकर भी मुझ पिपासाकुल के दुःख पर क्यों नहीं पसीजते और धन सेवन के प्रेमी होकर भी मुझ तापत्रय पीडित की व्यथा को शीघ्र क्यों नहीं जानते?

एकस्त्वमेव भविनामनिमित्तबन्धु-
नैंसर्गिकी तव कृपा सवितुः प्रभेव।
वामः पुनर्मम विधिः परिदेवितानि
जातान्यरण्यरुदितेन समानि यस्य।।२४।।

अर्थ–हे नाथ ! संसारी जीवों के अकारण बन्धु एक मात्र आप ही हैं। सूर्य को प्रभा के समान स्वाभाविकी करुणा केवल आपकी ही है। परन्तु मेरा भाग्य खोटा है। जो मेरे करुणालाप अरण्यरोदन से विफल हो गये हैं।

नमन

अग्निषोमरविब्रह्म विष्णु स्थावर जंगम
स्वरुप बहुरुपाय नमः संविन्मयायते।१।

अर्थ–अग्नि, चन्द्रमा, सूर्य, ब्रह्म, विष्णु, चर और अचर स्वरुपों को धारण करने वाले संविद्रूप आपको नमस्कार है।

महादेवाय रुद्राय शंकराय शिवाय च
महेश्वरायापि नमः कस्मैश्चिन्मंत्रमूर्तये।२।

अर्थ–हे प्रभु ! परमदेवता, रुद्र, शंकर, शिव (सुख स्वरुप), ईश्वरों के भी ईश्वर, आपको नमस्कार है।

वेदागम विरुद्धाय वेदागम विधायिने
वेदागम सतत्त्वाय गुह्याय स्वामिने नमः।३।

अर्थ–वेद आदि शास्त्रों के विरोधी, वेदादि शास्त्रों का विधान करने वाले, वेदादि शास्त्रों के सार रुप और सर्वथा अगोचर, आप स्वामी को नमस्कार है।

संसारैक निमित्ताय संसारैक विरोधिने
नमः संसार रुपाय निःसंसाराय शम्भवे।४।

अर्थ–संसार निर्माण के एक ही कारण, संसार के एक ही संहारक,

संसार स्वरुप, संसार के अछूते रुप वाले आप कल्याणकारी शिव को नमस्कार है।

नमः सुकृतसंभार विपाकः सकृदप्यसौ

यस्य नाम ग्रहः तस्मै दुर्लभाय शिवाय ते!५।

अर्थ—जिसका एक बार भी किया गया नाम-स्मरण पुण्यकर्मों की राशिफल है उस अति दुष्प्राप्य आप महादेव को नमस्कार है।

नमः चरश्चराकार परेत निचयैः सदा

क्रीडते तुभ्यमेकस्मै चिन्मयाय कपालिने।६।

अर्थ—हे स्वामी ! चराचर शरीरों वाले प्रेतों के साथ सदैव खेलने वाले, खप्परधारी, अद्विितीय और चिदानन्दस्वरुप आप को नमस्कार है।

मायाविने विशुद्धाय गुह्याय प्रकटात्मने

सूक्ष्माय विश्वरुपाय नमश्चित्राय शम्भवे।७।

अर्थ—मायावी होते हुए भी विशुद्ध स्वरुप वाले, गुप्त रुप होते हुए भी प्रकट स्वरूप वाले, सूक्ष्मरूप वाले होते हुए भी। विश्वस्वरुप आश्चर्य रुप वाले शिव जी को नमस्कार है।

मंगलाय पवित्राय निधये भूषणात्मने

प्रियाय परमार्थाय सर्वोत्कृष्टाय ते नमः।८।

अर्थ—हे परमात्मा ! कल्याण स्वरुप, पवित्रतमकोष स्वरुप, भूषणों के भी भूषण, प्रिय स्वरुप सत्य स्वरुप और सर्वश्रेष्ठ आपको नमस्कार है।

उपहासैकसारेस्मिन् एतावति जगत्त्रये

तुम्भमेवाद्वितीयाय नमो नित्य सुखासिने।९।

अर्थ—हे ईश्वर, परिहास ही सार है जिस का, ऐसी इस त्रिलोकी

में, जो इतनी विस्तृत है सदैव आनन्दमग्न तथा असाधारण स्वरुप वाले आपको नमस्कार है।

मुमुक्षजन सेव्याय सर्वसन्ताप हारिणे
नमो विततलावण्य वराय वर दायते।१०।

अर्थ—हे प्रभो, मोक्ष चाहने वालों से सदा सेवा किये जाने योग्य, समस्त दु:खों का नाश करने वाले, अनन्त सौन्दर्य से युक्त और अभीष्ट वर देने वाले आपको नमस्कार है।

मुनीनामप्यविज्ञेयं भक्ति सम्बन्ध चेष्टिता
आलिङ्गन्त्यपि यं तस्मै कस्मैचिद्भवते नमः।११।

अर्थ—मुनियों से भी न जाने जा सकने वाले, किन्तु भक्ति से सम्बद्ध भक्तजन जिस प्रभु का आलिङ्गन भी करते हैं उसी अलौकिस्व रुप वाले आप को नमस्कार है।

परमामृत कोषाय परमामृत राशये
सर्व पारम्य पारम्य प्राप्यय भवते नमः।१२।

अर्थ—जो परमानन्द रुपी अमृत का भण्डार है, जो मोक्ष रुपी आनन्द की राशि है और जो समस्त (तत्त्व वर्ग) की उच्च काष्टा की भी चरम सीमा पर प्राप्त होने से सुलभ है उसी ईश्वर को प्रणाम है।

भवत्पादाम्बुज रजो राज रञ्जित मूर्धजः
अपार रभसारब्ध नर्तनः स्यामहं कदा।१३।

अर्थ—हे प्रभु ! मैं आपके चरण कमलों की धूलि पुञ्ज से रंगे हुए केशों वाला (और उसके फलस्वरुप) असीम हर्ष से आरम्भ किए हुए नृत्यवाला भला कब बनूँ।

समुल्लसन्तु भगवन भवद्भानु मरीचयः
विकसत्वेष यावन्मे हृत्पदमः पूजनायते।१४।

अर्थ–हे प्रभु ! मैं उस स्थान को प्राप्त करुँ जहाँ हँसा जाता है, नाचा जाता है, राग–द्वेष भोगे जाते हैं और भक्ति रुपी अमृत रस पिया जाता है।

क्षणमात्रमपीशान वियुक्तस्य त्वया मम
निबिडं तप्यमानस्य सदा भूयाद् दृष्यः पदम्।१५।

अर्थ–हे प्रभु ! क्षणमात्र के लिए भी आप से अलग होने पर मैं अत्यन्त सन्तप्त होता हूँ (अतः) आप मेरी नज़रों के सामने सदा रहें।

कां भूमिकां नाधिशेषे किम् तत् स्याद् यन्नतेवपुः
श्रान्तस्तेना प्रयासेन सर्वतस्त्वाम् वाप्नुयाम।१६।

अर्थ–हे प्रभु ! आप किस व्यवस्था में नही रहते हैं और वह कौन सी वस्तु है जो आपका स्वरुप नहीं हो सकती। अतः दुखी बना हुआ मैं आप को बिना प्रयास के ही प्रत्येक स्थान पर प्राप्त करुँ।

प्रकटीभव नान्याभिः प्रार्थनाभिः कदर्थना
कुमस्ते नाथ ताम्यन्तस्त्वामेव मृगयामहे।१७।

अर्थ–हे स्वामी ! आप प्रकट हो जाइये। अन्य प्रार्थनाओं से हम आपको कष्ट नहीं देते हैं (आपके वियोग से) दुःखी होकर हम आप की ही टोह करते हैं (प्राप्त करना चाहते हैं)।

किमपि नाथ कदाचन चेतसि
स्फुरति त्वद् भवदंघ्रितलस्पृशाम्।
गलति यत्र समस्तम् इदम् सुधा
सरसि विश्वम् इदं दिश मे सदा।।१८।।

अर्थ–आपके चरणतलों के स्पर्श से युक्त भक्तों के मन में कभी वह अलौकिक अवस्था प्रकट होती है जिस में यह सारा संसार अमृत के सरोवर में लय हो जाता है, वही अवस्था, हे प्रभो ! सदैव मुझे प्रदान कीजिए।

यः प्रसादलव ईश्वरस्थितो

या च भक्तिरिव मामुपेयुषी।

तौ परस्पर समन्वितौ कदा

तादृशे वपुषि रूढ़िमेष्यतः ॥१९॥

अर्थ—आप ईश्वर के पास ठहरा हुआ जो थोडा सा अनुग्रह है और जो थोडी सी भक्ति मेरे पास आई है वे दोनों एक दूसरे के साथ मिलकर वैसे सच्चिदानन्द स्वरुप में कब विकास को प्राप्त होंगे।

निज निजेषु पदेषु पतन्त्विमाः

करण वृत्तय उल्लसिता मम।

क्षणमपीश मनागपि मैवभूत

त्वदवि भेद रस क्षति साहसम् ॥२०॥

अर्थ—हे प्रभु ! मेरी आनन्द से भरी हुई इन्द्रियों की वृत्तियाँ अपने-अपने विषयों में लगी रहें किन्तु मुझे आपके अद्वयानन्द रस वञ्चित होने का साहस क्षण भर के लिए भी और जरा सा भी न हो।

विषमरोषमरोः पथि पातयन्

मतिमनीति मनीक्षित सत्पथाम्।

भृशमयं शमयन् नियमं कथम्

तव पुरो व पुरोषति मे मदः ॥२१॥

अर्थ—हे नाथ ! सन्मार्ग से विमुख और नीति से रहित अति विषम क्रोध रुपी मरुस्थल के मार्ग में गिराता हुआ तथा यम नियम को समूल नष्ट करता हुआ यह दुष्ट अहंकार आप प्रभु के सामने मुझ आप के दास के शरीर को कैसे जला सकता है।

न हरिणा हरिणाङ्क शिखामणे

न विधिना विधिनाऽपि सपर्यता।

तव पुरा वपुराम मृशे वयं

क्व नु भवानुभवा वृत चेतसः ॥२२॥

अर्थ—हे चन्द्रशेखर ! भगवान विष्णु ने भी आपके शरीर का अन्त नहीं पाया और विधिपूर्वक आपकी सेवा में लगे हुए ब्रह्मा जी ने भी आप का पार नहीं पाया। तब फिर माया के आवरण में पड़े हम लोग आपकी स्तुति के लिए कैसे साहस कर सकते हैं।

भृशमनीशमनीति पथस्थितं

मदवशादवशाक्षमुपप्लुतम्।

अहरहर्हर हर्षयते न किम्

हितवती तव तीव्र शुचं रुचिः ॥२३॥

अर्थ—हे हर ! अत्यन्त अनाथ, कुमार्ग पर चलने वाले, अहंकार के कारण अजितेन्द्रिय काम-क्रोधादि वैरियों से घिरे हुए मुझ अत्यन्त शोकाकुल को आपकी हितवती रुचि रात दिन क्यों नहीं हर्षित करती है।

कुशलपेशल पेलव दृग्वमन्

रसनया सनयार्त्तिहृतामृतम्।

मदनसादन सान्त्वय संपदाम्

अपदमापदमाश्रित मे हिमाम् ॥२८॥

अर्थ—हे मदन के मान का मर्दन करने वाले सदाशिव ! मंगल से मधुर और अतीव सौम्यवती दृष्टि को धारण करते हुए सदा नीति पर

चलने वाले लोगों की पीड़ा को दूर करने वाली रसना से अमृतवर्षा करते हुए, मोक्ष सम्पत्ति से रहित और आपद्ग्रस्त मुझ दीन को आश्वासन दीजिये।

कथम नाथमनाग समन्तिके

मदन मर्दन मर्षयसे नमाम्।

भुवन भावन भाति बिना त्वया

जगति कोऽगति कोद्धरण क्षमः ॥२५॥

अर्थ–हे काम विजीयन ! आप मुझ निरपराध अनाथ को सामने क्यों नहीं रख लेते। हे समस्त भुवनों के निर्माता ! आपके बिना अगतिको का उद्धार करने वाला जगत में दूसरा कौन है?

यदि कृपापर पापरतस्य मे

न कुरुषे परुषे पदमाशये।

हिततमा कतमा कलुषात्मनो

मम हराऽमहरा घटते गतिः ॥२६॥

अर्थ–हे दयापरायण ! यदि आप मुझ पापात्मा के अतिशय कठोर हृदय में अपना स्थान नहीं बनायेंगे, तो फिर हे नाथ ! मुझ मलिन अन्तः करण का उद्धार करने वाली दूसरी गति और कौन होगी?

स्थिरविभा रविभाति रिवोन्मदं

मदमयं दमयन्त्यसमन्तमः।

तव दया वदयात्युदयं न चेद्

भव तमी बत मीलति मे कथम् ॥२७॥

अर्थ–हे प्रभो ! जैसे सूर्य की स्थिरदीप्ति गाढ़ अन्धकार को दूर करती हुई उदय होती है वैसे ही आपकी प्रभावशालिनी कृपा यदि मेरे

इस अहंकारमय गाढ़ अन्धकार को दूर करती हुई नहीं उदय होगी, तो हे नाथ ! फिर आप ही बतलाइये कि मेरी यह संसार रुपी रजनी कैसे दूर होगी ?

निधन साधन सान्द्रसलद्विषा
नल कराल करात्तम होरग :।
नियमनाय मनाङ्मम सस्पृहे
भवति धावति धाम यमः कथम्।।२८।।

अर्थ–हे प्रभु ! आपकी दयादृष्टि हो जाने पर प्राणियों का संहार हो जाने पर प्राणियों का संहार कर देने वाले महाभयंकर विषानल से विकराल नागपाश को हाथ में धारण किया हुआ यमराज मुझे ज़रा भी भय देने को मेरे पास कैसे आ सकता है।

मम निकाम निकार कृतो वृथा
वपुरवा पुरवार्यरुषोऽरयः।
न हि तदाहि तदा हम दन्त्यमी
तव हिता वहिता हि नतेषु धीः ।।२९।।

अर्थ–हे नाथ ! अत्यन्त तिरस्कार करने वाले और महान कोप से भरे हुए ये कामक्रोधादि शत्रु मुझ आपके सेवक के शरीर में वृथा ही आ गये, क्योंकि ये मेरे शरीर में अपना अधिकार नहीं कर सकते, कारण यह है कि आपकी दया भक्तजनों की रक्षा करने में हर समय बड़ी सावधान रहती है।

यदि विभा दिवि भाति न तावकी
यदि न मे दिनमेति भवन्मयम्।
वद महादमहारि तमः कथम्
विषम दोषमदो विनिवर्तते ।।३०।।

अर्थ–हे सदाशिव ! यदि आपकी परम् प्रकाश हमारे हृदयाकाश में उदय न होगा और यदि मेरा दिन निरन्तर आपके ही स्मरण में व्यतीत न होगा, तो फिर हे नाथ! आप ही कहिए कि महाशान्ति को हरने वाला तथा मायावरण से उत्पन्न अन्धकार आदि विषम दोषों से भरा हुआ यह मेरा अज्ञान रुपी अन्धकार कैसे हटेगा?

कमलिनी मलिनी क्रियते यया
विहतसन्तत सन्तम सापि या
स्मरचिता रचितापि च यत्र तां
वितर कातर कामदुधां दृशम् ॥३१॥

अर्थ–हे प्रभु ! आपके वामभाग में स्थित जो आपकी चन्द्ररुपी दृष्टि कमलिनी को मलिन करती है और दक्षिण भाग में स्थित जो सूर्यरुपी दृष्टि सदैव गाढ़ अन्धकार को दूर करती है, एवं ललाट में स्थित जो अग्निरुपी दृष्टि कामदेव को भस्म करने के लिए चिता बनी थी, उन शरणागतों की अभिलाषाओं को पूर्ण करने वाली–चन्द्र, सूर्य, अग्निरुप, तीनों तेजोमय पिण्डों को धारण करने वाली मनोहर दृष्टियों को मुझ पर समपर्ण कीजिए !

शिव अपराधक्षमापन स्तोत्रम्

आदौ कर्म प्रसंगात् कलयति कलुष मातृकुक्षौ
स्थितं मां, विण्मूत्रा मेध्य मध्ये कथयति नितरां
जाठरो जात वेदाः। यद् यद्वै तत्र दुःखं
व्यथयति नितरां शक्यते केन वक्तुम्,
क्षन्तव्यो मेऽपराधः शिव शिव शिव भो
श्री महादेव शम्भो॥१॥

अर्थ—पहले कर्मसङ्ग से किया हुआ पाप मुझे माता की कुक्षी में ला खड़ा करता है फिर मलमूत्र के बीच जठराग्नि खूब संतप्त करता है, वहाँ जो जो दुःख निरन्तर व्यथित करते रहते हैं उन्हें कौन कह सकता है? हे शिव ! हे शिवशंकर ! हे महादेव ! हे शम्भो ! अब मेरा अपराध क्षमा करो।

बाल्ये दुःखातिरेको मल लुलित वपुः स्तन्यपाने
पिपासा नो शक्तश्चेन्द्रियोम्यो भव गुण जनिता
जन्तवों मां तुदन्ति। नाना रोगादि दुःखाद्
रुदनपरवशः शंकरं न स्मरामि। क्षन्तव्यो''' ॥२॥

अर्थ—बाल्यावस्था में दुःख की अधिकता रहती थी, शरीर मल-मूत्र से लिथड़ा रहता था और निरन्तर स्तनपान की पिपासा रहती थी, इन्द्रियों में कोई कार्य करने की सामर्थ्य न थी, आपकी माया से उत्पन्न नाना जन्तु मुझे काटते थे, नाना रोगादि दुःखों के कारण मैं रोता ही रहता था, तब भी मुझ से शंकर का स्मरण नहीं बना, इसलिए हे शिव ! हे शिव ! हे शंकर......।

प्रौढोऽहम् यौवनस्थो विषय विषधरे पञ्च
भिमर्म सन्धौ दष्टो नष्टो विवेकः सुतधन
युवतिस्वाद सौख्ये निषण्णः। शैवी चिन्ता
विहीनं मम हृदय महो मानगर्वाधिरूढं
क्षन्तव्योमेऽपराधः.........।।३।।

अर्थ–जब मैं युवावस्था में जाकर प्रौढ़ हुआ तो पाँच विषय रुपी सर्पों ने मुजे डंसा जिस से मेरा विवेक नष्ट हो गया और धन, स्त्री तथा सन्तान के सुख भोगने में लग गया। उस समय भी आपके चिन्तन को भूलकर मेरा हृदय बड़े घमण्ड़ और अभिमान से भर गया। अतः हे शिव ! हे शंकर........।

वार्द्धकये चेन्द्रियाणां विगतमति मतिश्चाधि
देवादि तापैः पापैः रोगैर्वियोगैस्त्वनवस्तिवपुः
प्रोढि हीनं च दीनम्। मिथ्या मोहाभिलाषै भ्रर्मति
मम मनो धूर्जटेर्ध्यानं शून्यम्। क्षन्तव्योमे...।।४।।

अर्थ–वृद्धावस्था में भी जब इन्द्रियों की गति शिथिल हो गई है, बुद्धि मन्द पड गई है और आधिदैविक आदि तापों, पापों, रोगों तथा वियोगों से शरीर जर्जरित हो गया है, मेरा मन मिथ्या, मोह और अभिलाषाओं से दुर्बल और दीन होकर श्री शंकर के चिन्तन से शून्य ही भ्रम रहा है। अतः हे शिव !........।

नो शक्यं स्मार्त कर्म प्रति पद गहन प्रत्यवाया-
कुलाख्यं श्रौते वार्ता कथं में द्विज कुल विहिते
ब्रह्ममार्गे सुरारे नास्था धर्मे विचारः श्रवण
मननयोः किंनिदिध्यासि तव्यम्। क्षन्तव्यो.........।।५।।

अर्थ—पद-पद पर अति गहन प्रायश्चित्तों से व्याप्त होने के कारण मुझ से स्मार्त कर्म भी नहीं हो सकते। फिर जो द्विजकुल के लिए विहित है उन ब्रह्मप्राप्ति के मार्गस्वरुप श्रौत कर्मों की तो बात ही क्या है? धर्म में आस्था नहीं है और श्रवण मनन के विषय में विचार ही नहीं होता, ध्यान भी कैसे किया जाय। अतः हे शिव.........।

स्नात्वा प्रत्यूषकाले स्नपन विधिविधौ
नादृतं गाङ्गतोयं पूजार्थं वा कदाचिद्
बहुतरगहनात्खण्ड बिल्वी दलानि। नानीता
पद्ममाला सरसि विकसिता गन्धपुष्पे
त्वदर्थम्। क्षन्तव्यो..........॥६॥

अर्थ—प्रातःकाल स्नान करके आपका अभिषेक करने के लिए मैं गङ्गाजल लेकर प्रस्तुत नहीं हुआ, न कभी आपकी पूजा के लिए वन से बिल्व पत्र ही लाया और न आपके लिए तालाब में खिले हुए कमलों की माला तथा गन्धुपुष्प ही लाकर अर्पण किए। अतः हे शिव.........।

दुग्धैमध्वाज्य युक्तैर्दधिसित सहितैः स्नापितं
नैव लिङ्गं नो लिप्तं चन्दनाद्यैः कनक विरचितैः
पूजितं न प्रसूनैः। धूपैः कर्पूर दीपै र्विविध
रसयुतैर्नैव भक्ष्योपहारैः क्षन्तव्यो..........॥७॥

अर्थ—पञ्चामृत से मैंने आपके लिंग को स्नान नहीं कराया, चन्दन आदि से अनुलेप नहीं किया, धतूरे के फूल, धूप, दीप, कपूर तथा नाना रसों से युक्त नैवेधों द्वारा पूजन भी नहीं किया। अतः हे शिव.........।

ध्यात्वाचित्ते शिवाख्यं प्रचुरतरधनं नैव
दत्तं द्विजेभ्यो, हव्यं ते लक्षसंख्यैर्हुत वह

वदने नार्पित बीजमन्त्रैः। नो तप्तं गङ्गा तीरे
व्रतजपनियमै रुद्र जात्यैर्न वेदैः। क्षन्तव्यो...... ।८।

अर्थ–मैंने चित्त में शिव नामक आपका स्मरण करके ब्राह्मणों को प्रचरधन नही दिया, न आपके एक लक्ष बीजमन्त्रों द्वारा अग्नि में आहुतियाँ दीं और न व्रत एवं जप के नियम से तथा रुद्रजाप और वेदविधि से गङ्गातट पर कोई साधना ही की। अतः हे शिव !.........।

स्थित्वा स्थाने सरोजे प्रणवमयमरुत्कुण्डले
सूक्ष्म मार्गे, शान्ते स्वान्ते प्रलीने प्रकटितविभ
वे ज्योतिरुपे पराख्ये लिङ्गाग्रे ब्रह्म वाक्ये
सकल तनुगतं शंकरं न स्मरामि। क्षन्तव्यो...... ।९।

अर्थ–जिस सूक्ष्म मार्ग प्राव्य सहस्त्रदलकमल में पहुँचकर प्राणसमूह प्रणवनाद में लीन हो जाते हैं और जहाँ जाकर वेद के वाक्यार्थ तथा तात्पर्यभूत पूर्णतया आविभूर्त ज्योतिरुप शान्त परम तत्त्व में लीन हो जाता है उस कमल में स्थित होकर मैं सर्वान्तर्यामी कल्याणकारी आपका स्मरण नही करता हूँ। अतः हे शिव.........।

नग्नो निःसंङ्गशुद्धस्त्रिगुण विरहितो ध्वस्त
मोहान्धकारो, नासाग्रे न्यस्त दृष्टिर्विदित
भवगुणो नैव दृष्टः कदाचित् उन्मन्यावस्थाया
त्वां विगत कलिमलं शंकरं न स्मरामि,
क्षन्तव्यो......... ।१०।

अर्थ–नग्न, निःसंग, शुद्ध, त्रिगुणातीत होकर मोहान्धकार का ध्वंस कर तथा नासाग्रि में दृष्टि स्थिर कर मैंने आपके गुणों को जानकर कमी आपका दर्शन नहीं किया और न उन्मनी अवस्था से कलिमल रहित आप कल्याण स्वरुप का स्मरण कर सकता हूँ। अतः हे शिव !.........।

चन्द्रोद्भासित शेखरे स्मरहरे गङ्गाधरे शंकरे
सर्पैर्भूषित कण्ठ कर्ण विवरे नेत्रोत्थवैश्वानरे।
दन्तित्वकृतसुन्दराम्बरधरे त्रैलोक्यसारे हरे
मोक्षार्थं कुरु चित्तवृत्तिमखि लामन्यैस्तु किंकमर्मिः।११।

अर्थ–चन्द्रकला से जिन का ललाट भासित हो रहा है, कन्दर्व दर्प हारी हैं, गङ्गाधर हैं, कल्याणस्वरुप है, सर्पों से जिन के कण्ठ और कर्ण भूषित हैं, नेत्रों से अग्नि प्रकट हो रही है, हस्ति चर्म की जिन की कन्था है तथा जो त्रिलोकी के सार हैं, उन शिव में मोक्ष के लिए अपनी सम्पूर्ण चित्रवृत्तियों को लगा दे, और कर्मों से क्या प्रयोजन है।

किं यानेन धनेन वाजिकरिमि प्राप्तेने राज्येन
किम्, किं वा पुत्रकलत्र मित्र पशुमिर्दे हेन
गेहेन् किम्। ज्ञात्वैतत्क्षण भङ्गुर सपदि
रे त्याज्यं मनो दूरतः स्वात्मार्थ गुरुवाक्य तो
भज-भज श्री पार्वती वल्लभम्।१२।

अर्थ–इस धन, घोड़े, हाथी और राज्यादि की प्राप्ति से क्या? पुत्र, स्त्री, मित्र, देह और घर से क्या? इनको क्षणभंगुर जानकर रे मन! दूर ही से त्याग दे और आत्मानुभव के लिए गुरु वचनानुसार पार्वती वल्लभ श्री शंकर का भजन कर।

आयुर्नश्यति पश्यतां प्रतिदिनं याति क्षयं
यौवनं, प्रत्यायान्ति गताः पुनर्न दिवसाः
कालो जगत् भक्षकः। लक्ष्मीस्तोय तरङ्ग भङ्ग
चपला विद्युच्चलं जीवितं, तस्मान्मां शरणागत
शरणदत्वम् रक्ष रक्षाधुना।१३।

अर्थ–देखते देखते आयु नित्य नष्ट हो रही है, यौवन प्रतिदिन क्षीण हो रहा है, बीते हुए दिन फिर लौटकर नही आते, काल सम्पूर्ण जगत को खा रहा है, लक्ष्मी जल की तरङ्गमाला के समान चपल है, जीवन बिजली के समान चञ्चल है, अतः मुझ शरणागत की हे शरणागत् वत्सल शंकर ! अब रक्षा करो, रक्षा करो !

कर चरण कृतं वाक्कायजं कर्मजम् वा
श्रवण नयनजं वा मानसं वापराधम्।
विहितमवहितं वा सर्वमेतत्क्षमस्व, जय
जय करुणाब्धे श्री महादेव शम्भो।१४।

अर्थ–हाथ से, पैरों से, वाणी से, शरीर से, कर्म से, कर्ण से, नेत्रों से अथा मन से भी जो अपराध किये हों, वे विहित हों या अविहित–उन सब को हे करुणासागर शम्भो ! क्षमा कीजिए ! आपकी जय हो।

पञ्चाक्षरस्तोत्रम

नाग्रेन्द्रहाराय त्रिलोचनाय
भस्माङ्गरागाय महेश्वराय।
नित्याय शुद्धाय निरञ्जनाय
तस्मै 'न' काराय नमः शिवाय ॥1॥

अर्थ–जिनके कण्ठ में सर्पों का हार है, जिनके तीन नेत्र हैं, भस्म ही जिनका अङ्गराग है, जो नित्य हैं, शुद्ध हैं, निरंजन हैं उन अविनाशी महेश्वर 'न' कार स्वरुप शिव को नमस्काहर है।

मन्दाकिनी सलिल चन्दन चर्चिताय
नन्दीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय
मन्दारपुष्प बहुपुष्प सुपूजिताय
तस्मै 'म' काराय नमः शिवाय ॥२॥

अर्थ–गङ्गाजल और चन्दन से जिनकी अर्चा हुई है, मन्दारपुष्प तथा अन्यान्य कुसुमों से जिनकी सुन्दर पूजा हुई है, उन नन्दी के अधिपति प्रमथगणों के स्वामी महेश्वर 'म' कार स्वरुप को नमस्कार है।

शिवाय गौरीवदनाब्यजनन्द-
सूर्याय दक्षाध्वरनाशकाय
श्री नीलकंठाय वृषध्वजाय
तस्मै 'शि' काराय नमः शिवाय ॥३॥

अर्थ–जो कल्याणस्वरुप हैं, जो दक्ष के यज्ञ का नाश करने वाले हैं, जिनकी ध्वजा में बैल का चिह्न है, उन शोभावाले नीलकण्ठ 'शि' कार स्वरुप शिव को नमस्कार है।

वसिष्ठ कुम्भोद्भव गौतमाय
मुनीन्द्र देवार्चित शेखराय।
चन्द्रार्क वैश्वानरलोचनाय
तस्मै 'व' काराय नमः शिवाय ॥४॥

अर्थ–वसिष्ठ अगस्त्य और गौतम आदि श्रेष्ठ मुनियों ने तथा इन्द्रादि देवताओं ने जिनके मस्तक की पूजा की है, चन्द्रमा, सूर्य और अग्नि जिनके नेत्र हैं उन 'व' कार स्वरुप शिव को नमस्कार है।

यक्षस्वरुपाय जटाधराय

पिनाकहस्ताय सनातनाय।

दिव्याय देवाय दिगम्बराय

तस्मै 'य' काराय नमः शिवाय ।।५।।

अर्थ–जिन्होंने यक्षरूप धारण किया है, जो जटाधारी हैं, जिनके हाथ में पिनाक है, जो दिव्य सनातन पुरुष है, उन दिगम्बर देव 'य' कार स्वरुप शिव को नमस्कार है।

लिङ्गाष्टकम्

ब्रह्म मुरारि सुरार्चित लिङ्गं

निर्मल भासित शोभित लिङ्गम्।

जन्म दुःख विनाशन लिङ्गम्

तत्प्रणमामि सदाशिव लिङ्गम् ।।१।।

अर्थ–ब्रह्म, विष्णु तथा देवताओं द्वारा पूजित निर्मल, दिव्य, शोभा से युक्त, जन्म रुपी दुःख के विनाशक उस सदाशिव लिङ्ग को मैं प्रणाम करता हूँ।

देव मुनि प्रवराचित लिङ्गं कामदाहं करुणा

करलिङ्गम्। रावण दर्प विनाशनं लिङ्गम्।

तत्प्रणमामि········ ।।२।।

अर्थ–देवों और मुनियों द्वारा अर्चित काम को भस्म करने वाले रावण के अहंकार को चूर करने वाले उस लिङ्ग को मैं प्रणाम करता हूँ।

सर्व सुगन्धि सुलेपित लिङ्गम्,
बुद्धि विवर्द्धन कारण लिङ्गम्,
सिद्ध सुरासुर वन्दित लिंगम्।
तत्प्रणमामि.........।।३।

अर्थ—समस्त सुगन्धियों से लेप लगाये हुए बुद्धि को बहाने के मूलकारण, सिद्धों, सुरों एवं दैत्यों द्वारा वन्दित उस सदाशिव लिंग को मैं प्रणाम करता हूँ।

कुंकुम् चंदन लेपित लिङ्गम्
पंकज हार सुशोभित लिंगम्
सच्चित् पाप विनाशन लिङ्गम्।
तत्प्रणमामि.........।।४।।

अर्थ—कुम कुम तथा चन्दन का लेप लगाए हुए कमल माला से सुशोभित सत्‌चित् स्वरुप, पाप विनाशक उस सदाशिव लिङ्ग को मैं प्रणाम करता हूँ।

देवगणार्चित सेवितलिङ्गम
भावैर्भक्ति भिरेव च लिङ्गम्
दिनकर कोटि प्रभाकर लिङ्गम्,
तत्प्रणमामि.........।।५।।

अर्थ—भक्ति, सद्भाव से देवगणों द्वारा अन्वित, करोडों सूर्य के प्रकाश से भी बढ़कर द्योतनशील उस सदाशिव लिङ्ग को मैं प्रणाम करता हूँ।

अष्ट दलो परिवेष्टित लिङ्गम्
सर्व समुद्भव कारण लिङ्गम्
अष्ट दरिद्र विनाशन लिङ्गम्
तत्प्रणमामि.........।।६।।

अर्थ—अष्टदल में लिपटे हुए, समस्त दृष्यवर्ग के मूल कारण, अष्ट दरिद्र को नाश करने वाले उस सदाशिव को मैं प्रणाम करता हूँ।

सुरगुरु, सुरवर पूजित लिङ्गम्
सुरवन पुष्प सुदार्चित लिङ्गम्
परात्परं परमात्मक लिङ्गम्
तत्प्रणमामि…… ।।७।।

अर्थ—देवताओं में श्रेष्ठ ब्रहस्पति द्वारा पूजित, देवों के उपवन से लाये गये फूलों से अर्चित, पर से भी परे अर्थात्, सर्वोच्च, परमात्मक स्वरुप लिङ्ग को मैं प्रणाम करता हूँ।

कनक महामणि भूषित लिङ्गम्
फणिपति वेष्ठित शोभित लिङ्गम्
दक्ष सुयज्ञ विनाशन लिङ्गम्
तत्प्रणमामि……… ।।८।।

अर्थ—कनक महामणि द्वारा भूषित फणिदति नागराज द्वारा सुशोभित, दक्ष प्रजापति के यज्ञ के विद्वंस करने वाले शिव लिङ्ग को मैं प्रणाम करता हूँ।

गौरीशाष्टकम्

भज गौरीशं भज गौरीशं गौरीशं भज मूढ़मते।

अर्थ—हे मन्द बुद्धि वाले मनुष्य। तू सदा शंकर भगवान का भजन कर।

जलभव दुस्तर जलधि सुतरणं
ध्येयं चित्ते शिव हर चरणम्।

अन्योपायं नहि नहि सत्यम्
ज्ञेयं शंकर शंकर नित्यम्।।
भज............।१।

अर्थ–इस छली संसार रूप दुस्तर सागर से पार लगाने वाले भगवान शिव के ही चरण का ध्यान कर। संसार से उद्धार पाने का दूसरा कोई उपाय नहीं है, यह सत्य जान कर सदा शंकर के नाम का ही गान कर।

दारा पत्यम् क्षेत्रं वित्तं
देहं गेहं सर्वमनित्यम्।
इति परिभावय सर्वमसारम्
गर्भ विकृत्या स्वप्न वित्तारम्।।२।।
भज............।

अर्थ–स्त्री, सन्तान, क्षेत्र, धन, शरीर और गृह–ये सब अनित्य हैं। गर्भ विकार के परिणाम भूत संसार को निःसार तथा स्वप्नवत् असत्य समझकर केवल शिवचरणों को भज।

मल वैचित्ये पुनरावृत्तिः
पुनरपि जननी जठरोत्पत्ति।
पुनरप्याशा कुलितं जठरम्
किं नहि मुञ्चसि कथयेश्चितम्।।३।।
भज............।

अर्थ–मलभूत संसार के रुप पर मोहित होने से पुनः संसार में लौटना पड़ता है, फिर माता के गर्भ में उत्पत्ति होती है। अतः पुनः आशा से व्याकुल हुए अपने चित्त से तू कह दे कि हे चित्त! क्यों नहीं इस पेट की चिन्ता को तू छोड़ता है। हे मूढ़मति ! तू भगवान शिव को भज।

माया कल्पितमैन्द्र जालं

न हि तत्सत्यम् दृष्टि विकारम्

ज्ञाते तत्त्वे सर्वमसारम्

मा कुरु ! मा कुरु ! विषय विचारम्।।५।।

भज…………।

अर्थ–अरे यह सारा प्रपञ्च माया से कल्पित इन्द्रजाल है, इसका विकार प्रत्यक्ष देखा गया है, इसे कभी भी सत्य न जान तत्त्व ज्ञान हो जाने पर सब कुछ असार ही ठहरता है, इसलिए विषययोग का कभी विचार मत कर ! हे मूढ़मते, तू गौरीपति का भजन कर।

रज्जौ सर्पभ्रमणारोपस्

तद् वद् ब्रह्मणि जगदारोपः

मिथ्या माया मोहविकारं

मनसि विचारय बारम्बारम्।६।।

भज…………।

अर्थ–जैसे रज्जु में भ्रम से सर्प का आरोप होता है, ठीक वैसे ही शुद्ध ब्रह्म में जगत का आरोप मात्र है, यह माया मोह का विकार असत्य है, इस बात को तू बार-बार मन में विचार। हे मूढमते………।

अध्वर कोटि गङ्गा गमनं

कुरुते योगं चेन्द्रियदमनं।

ज्ञान विहीनः सर्वमतेन

न भवति मुक्तो जन्मशतेन।।७।।

भज…………।

अर्थ–लोग करोड़ों यज्ञ करते हैं, स्नान के लिए गङ्गा जी जाते हैं, इन्द्रियों को दमन करने वाला योग करते हैं, परन्तु यह सब का सिद्धान्तमत है कि ज्ञान विहीन जीव सैंकडों जन्म में भी मुक्त नहीं हो सकता। अतः हे मूढमते।

सोऽहम हंसो ब्रह्मैवाहम्
शुद्धानन्दस्तत्त्व परोऽहम्।
अद्धैतोऽहम् संग विहीने
चेन्द्रिय आत्मनि निखिले लीने॥८॥
भज.........।

अर्थ–जब सारी इन्द्रियाँ विषयों से निवृत्त हो जाती हैं और आत्मा में लीन होती हैं तब ऐसा लगता है कि मैं ही वह परम् ब्रह्म हूँ, मैं ही शुद्ध ब्रह्म हूँ और इन पञ्चभूतों से अलग अद्वैत आनन्दस्वरुप हूँ। हे मूढ़मते........।

शंकर किंकर मा कुरु चिन्तां
'चिन्तामणि' ना विरचितमेतत्
य मद्भक्तया पठति हि नित्यम्
ब्रह्मणि लीनो भवति हि सत्यम्॥६॥
भज............।

अर्थ–हे शिवभक्त, तू चिन्ता न कर, क्योंकि जो पुरुष चिन्तामणि द्वारा रचित इस गौरी अष्टक का शुद्ध भक्ति से नित्य पाठ करता है वह ब्रह्म में लीन हो जाता है यह सत्य बात है, इसलिए हे मन्दमते! तू सदा गौरीपति भगवान शिव को भज।

शिवमहिम्न स्तोत्रम्

महिम्नः पारन्ते परमविदुषो यद्यसदृशी।
स्तुतिर्ब्रह्मादीनामपि तदवसन्नास्त्वयि गिरः।।
अथावाच्यः सर्वः स्वमतिपरिमाणावधि गृणन्।
ममाप्येष स्तोत्रे हर ! निरपवादः परिकरः ।।१।।

अर्थ–हे हर ! (सभी दुःखों के हरने वाले) आपकी महिमा के अन्त को न जानने वाले मुझ अज्ञानी द्वारा की गई स्तुति यदि आपकी महिमा के अनुकूल न हो, तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है, क्योंकि ब्रह्मा आदि भी आपकी महिमा के अन्त को नहीं जानते हैं। अत उनकी स्तुति भी आपके योग्य नहीं है। ''स वाग् यथा तस्य गुणान गृणीते'' के अनुसार मेरी यथामपि स्तुति उचित ही है। ''नम पतन्त्यात्मसमं पतत्रिणः '' इस न्याय से मेरी स्तुति आरम्भ करना क्षम्य हो।

अतीतः पन्थानं तव च महिमा वाङ्मनसयो–
रतद्व्यावृत्त्या यं चकितमभिधत्ते श्रुतिरपि।
स कस्य स्तोतव्यः कतिविधिगुणः कस्य विषयः।
पदे त्वर्वाचीने पतति न मनः कस्य न वचः ।।२।।

अर्थ–हे हर ! आपकी निर्गुण और सगुण महिमा मन तथा वाणी के विषय से परे है, जिसे वेद भी संकुचित होकर कहते हैं। अतः आपकी उस महिमा की स्तुति करने में कौन समर्थ हो सकता है? फिर भी भक्तों के अनुग्रहार्थ धारण किया हुआ आपका नवीन रूप भक्तों के मन और वाणी का विषय हो सकता है।

मधुस्फीता वाचः परमममृतं निर्मितवत-

स्तवब्रह्मन्किवागपि सुरगुरोर्विस्मय पदम्॥

मम त्वेतां वाणीं गुणकथनपुण्येन भवतः।

पुनामीत्यर्थेऽस्मिन् पुरमथनबुद्धिर्व्यवसिता ॥३॥

अर्थ–हे ब्रह्मन् ! जब कि आपने मधु के सदृश मधुर और अमृत के सदृश जीवनदायिनी वेदरूपी वाणी को प्रकाशित किया है, तब ब्रह्मादि द्वारा की गई स्तुति आपको कैसे प्रसन्न कर सकती है? हे त्रिपुरमथन ! जब ब्रह्मादि भी आपके स्तुति–गान करने में असमर्थ हैं, तब मुझ तुच्छ की क्या सामर्थ्य है? मैं तो केवल आपके गुणगान से ही अपनी वाणी को पवित्र करने की इच्छा रखता हूँ।

तवैश्वर्यं तत्तज्जगदुदयरक्षा प्रलयकृत्।

त्रयीवस्तुव्यस्तं तिसृषु गुणभिन्नासुतनुषु॥

अभव्यानामस्मिन्वरद रमणीयामरमणीम्।

विहन्तुं व्याक्रोशीं विदधत इहैके जडधियः ॥४॥

अर्थ–हे वरद ! आपके ऐसे ऐश्वर्य की–जो संसार की सृष्टि, रक्षा तथा प्रलय करने वाला है, तीनों वेदों द्वारा गाया गया है, तीनों गुणों (सत्, रज, तम) से परे है, एवं तीनों शक्तियों (ब्रह्मां, विष्ण, महेश) में व्याप्त है, कुछ नास्तिक लोग अनुचित निन्दा करते हैं। इससे उन्हीं का अधःपतन होता है, न कि आपके सुयश का

किमीहः किङ्कायः स खलु किमुपायस्त्रिभुवनम्।

किमाधारो धाता सृजति किमुपादान इति च॥

अतर्क्यैश्वर्येत्वय्यनवसरदुःस्थो हतधियः।

कुतर्कोऽयं कांश्चिन्मुखरयति मोहाय जगतः ॥५॥

अर्थ–"अचिन्त्याः खलु ये भावा न तांस्तर्केण योजयेत्" के अनुसार कल्पना से बाहर, अपनी अलौकिक माया से सृष्टि करने वाले आपके ऐश्वर्य के विषय में नास्तिकों का यह कुतर्क कि वह ब्रह्मा सृष्टि कर्ता है, किन्तु उसकी इच्छा, शरीर, सहकारी कारण, आधार और समवायी कारण क्या है? जगत के कतिपय मन्द-मति वालों को भ्रान्ति करने वाला है।

अजन्मानो लोकाः किमवयववन्तोऽपि जगता–
मधिष्ठातारं किं भवविधिरना दृत्य भवति॥
अनीशो वा कुर्याद्भुवनजनने कः परिकरो
यतोमन्दास्त्वां प्रत्यमरवर संशेरत इमे ॥६॥

अर्थ–हे अमर वर ! यह सावयव लोक अवश्य ही जन्य है तथा इसका कर्ता भी कोई न कोई है, परन्तु वह कर्ता आपके अतिरिक्त दूसरा कोई नहीं हो सकता, क्योंकि इस विचित्र संसार की विचित्र रचना की सामग्री दूसरे के पास होना असम्भव है। इसलिए अज्ञानी लोग ही आपके विषय में सन्देह करते हैं।

त्रयी सांख्यं योगः पशुपतिमतं वैष्णवमिति।
प्रभिन्ने प्रस्थाने परमिदमदः पथ्यमिति च॥
रुचीनां वैचित्र्यादृजुकुटिलनानापथजुषां।
नृमाणेको गम्यस्त्वमसि पयसामर्णव इव ॥७॥

अर्थ–हे अमर वर ! वेदत्रयी, सांख्य, योग, शैव मत और वैष्णवमत ऐसे भिन्न-भिन्न मतों में कोई वैष्णवमत और कोई शैव मत को अच्छा कहते हैं, परन्तु रुचि की विचित्रता से टेढ़े-सीधे मार्ग में प्रवृत्त हुए मनुष्यों को अन्त में एक आप ही साक्षात् या परम्परया प्राप्त होते हैं, जैसे कि नदियाँ टेढ़ी-सीधी बहती हुई साक्षात् या परम्परा से समुद्र में ही जा मिलती हैं।

महोक्षः खट्वांगम्परशुरजिनं भस्म फणिनः।
कपालंचेतीयत्तव वरद तन्त्रोपकरणम्।।
सुरास्तां तामृद्धिं दधति तु भवद्भ्रू प्रणिहिताम्।
न हि स्वात्मारामं विषय मृगतृष्णा भ्रमयति ।।८।।

अर्थ—हे वरद ! महोक्ष (बैल), खाट का पाया, परशु, गजचर्म, भस्म, सर्प, कपाल इत्यादि आपकी धारण सामग्रियाँ हैं, परन्तु उन ऋद्धियों को जो आपकी कृपा से प्राप्त देवता लोग भोगते हैं, आप क्यों नहीं भोगते ! स्वात्माराम (आत्मज्ञानी) को विषय (रूपरसादि) रूपी मृगतृष्णा नहीं भ्रमा सकती है।

ध्रुवं कश्चित्सर्वं सकलमपरस्त्वद्ध्रुवमिदम्।
परोध्रौव्याध्रौव्ये जगति गदति व्यस्तविषये।
समस्तेऽप्येतस्मिन्पुरमथन तैर्विस्मित इव।
स्तुवञ्जिह्देमि त्वां न खलु ननु धृष्टा मुखरता ।।८।।

अर्थ—हे पुरमथन ! सांख्य मतानुयायी "नह्यसत उत्पत्तिः सम्भवति" के अनुसार जगत् को ध्रुव (नित्य), बुद्धिमतानुयायी अध्रुव (क्षणिक) तार्किकजन नित्य (आकाश आदि पञ्च और पृथिव्यादि परमाणु और अनित्य कार्यद्रव्य) दोनों मानते हैं। इन मतान्तरों से विस्मित मैं भी आपकी स्तुति करता हुआ लज्जित नहीं होता, क्योंकि वाचालता लज्जा को स्थान नहीं देती।

तवैश्वर्यं यत्नाद्यदुपरिविरचिर्हरिरधः।
परिच्छेत्तुं यातावनलमनिलस्कन्धवपुषः।।
ततोभक्ति श्रद्धाभरगुरुगृणद्भ्यां गिरिश यत्।
स्वयं तस्थे ताभ्यां तव किमनुवृत्तिर्न फलति ।।१०।।

अर्थ–हे गिरीश (गिरि में शयन करने वाले), तेजपुंज आपकी विभूति को ढूँढने के लिए ब्रह्मा आकाश तक और विष्णु पाताल तक जाकर भी उसे पाने में असमर्थ रहे, तत्पश्चात् उनकी कायिक, मानसिक और वाचिक सेवा से प्रसन्न होकर आप स्वयं प्रकट हुए. इससे यह निश्चित् है कि आपकी सेवा से ही सब सुलभ है।

अयत्नादासाद्यत्रिभुवनमवैरव्यतिकरम्।
दशास्यो यद्बाहूनभृत रणकण्डूपरवशान्।।
शिरः पद्मश्रेणीरचितचरणाम्भोरुहबलेः।
स्थिरायास्त्वद्भक्तेस्त्रिपुरहर वियस्फूर्जितमिदम् ।।११।।

अर्थ–हे त्रिपुरहर ! मस्तकरूपी कमल की माला को जिस रावण ने आपके कमलवत् चरणों में अर्पणकर के त्रिभुवन को निष्कण्टक बनाया था तथा युद्ध के लिए सर्वथा उत्सुक रहने वाली भुजाओं को पाया था, वह आपकी अविरल भक्ति का ही परिणाम था।

अमुष्य त्सेवासेवा समधिगतसारं भुजवनम्।
बलात्कैलासेऽपि त्वदधिवसतौविक्रमयतः।।
अलभ्या पातालेऽप्यलसचलितांगुष्ठशिरसि।
प्रतिष्ठा त्वय्यासीद् ध्रुवमुपचितोमुह्यति खलः ।।१२)

अर्थ–रावण द्वारा उन्हीं भुजाओं से जिन्होंने आपकी सेवा से बल प्राप्त किया था, आपके घर कैलास को उखाड़ने के लिए हठात् प्रयोग करते ही आपके अँगूठे के अग्र भाग के संकेत मात्र पाताल में गिरा, निश्चय ही खल उपकार भूल जाते हैं।

यदृद्धिं सुत्राभ्णो वरद ! परमोच्चैरपि सती–।
मधश्चक्रे बाणः परिजनविधेयस्त्रिभुवनः।।
नतच्चित्रं तस्मिन्वरिवसिरित्वच्चरणयोः।
न कस्याप्युन्नत्यै भवति शिरसस्त्वय्यवनतिः ।।१३।।

अर्थ–हे वरद ! बाणासुर ने आपकों नमस्कार मात्र से इन्द्र की सम्पत्ति को नीचा दिखलाने वाली सम्पत्ति प्राप्त किया था और त्रिभुवन को अपना परिजन बना लिया था। यह आश्चर्य की बात नहीं है, क्योंकि आपके चरणों में नमस्कार करना किस उन्नति का कारण नहीं होता है।

अकाण्डः ब्रह्माण्ड क्षयचकितदेवासुरकृपा।
विधेयस्याऽसीद्यस्त्रिनयन विषं संहृतवतः॥
स कल्माषः कण्ठे तव न कुरुते न श्रियमहो
विकारोऽपिश्लाध्यो भुवनभयभगंव्यसनिनः ॥१४॥

अर्थ–हे त्रिनयन ! सिन्धु विमंथन से उत्पन्न कालकूट से असमय में ब्रह्माण्ड के नाश से डरे हुए सुर व असुरों पर कृपा करके एवं संसार को बचाने की इच्छा से उसको (काल कूट को) पान करने से आपके कण्ठ की कालिमा भी शोभा देती है। ठीक ही है, जगत् के उपकार की कामना वाले दूषण भूषण समझे जाते हैं।

असिद्धार्था नैव क्वचिदपि सदेवासुरनरे।
निवर्तन्ते नित्यं जगति जयिनो यस्य विशिखाः ॥
स पश्यन्नीश त्वामितरसुरसाधारणमभूत्।
स्मरःस्मर्तव्यात्मा न हि वशिषु पथ्यः परिभवः ॥१५॥

अर्थ–जो विजयी कामदेव अपने बाणों द्वारा जगत् के देव, मनुष्य और राक्षसों को जीतने में सर्वथा समर्थ रहा, उसी कामदेव अन्य देवों के समान आपको भी समझा, जिससे वह स्मरण मात्र के लिए ही रह गया (दग्ध हो गया), जितेन्द्रियों का अनादर करना अहितकारक ही होता है ॥१५॥

मही पादाघाताद्व्रजति सहसा संशयपदम्।
पदं विष्णोर्भ्राम्यद्भुजपरिघरुग्णग्रहगणम्॥
मुहुर्द्यौर्दौस्थ्यं यात्यनिभृतजटाताडिततटा।
जगद्रक्षायै त्वं नटसि ननु वामैव विभुता ॥१६॥

अर्थ–हे ईश ! आप जगत् की रक्षा के लिए राक्षसों को मोहित करके नाश के लिए नृत्य करते हो, तब भी संसार का आपके ताण्डव से दुःख दूर होता है, क्योंकि आपके चरणों के आघात से पृथ्वी धँसने लगती है, विशाल बाहुओं के संघर्ष से नक्षत्र आकाश पीड़ित हो जाता है तथा आपकी चंचल जटाओं से ताड़ित हुआ स्वर्ग लोग भी कम्पायमान हो जाता है। ठीक ही है, उपकार भी किसी के लिए अहितकारक हो जाता है।

वियद्व्यापीतारागणगुणितफेनोद्गमरुचिः।
प्रवाहो वारां यः पृषतलघुदृष्टः शिरसि ते।।
जगद्द्वीपाकारं जलधिवलयं तेन कृतमि-
त्यनेनैवोन्नेयं धृतमहिमदिव्यं तव वपुः ।।१७।।

अर्थ–हे ईश ! तारा गणों की कान्ति से अत्यन्त शोभायमान आकाश में व्याप्त तथा भूलोक को चारों ओर से घेरकर जम्बू द्वीप बनाने वाली गङ्गा का जल-प्रवाह आपके जटाकपाट में बूँद से भी लघु देखा जाता है। इतने से ही आपके दिव्य तथा श्रेष्ठ शरीर की कल्पना की जा सकती है।

रथः क्षोणी यन्ता शतधृतिरगेन्द्रो धनुरथा-
रथांगेचन्द्रार्कौ रथचरणपाणिः शर इति।।
दिधक्षोस्ते कोऽयं त्रिपुरतृणमाडम्बरविधि-
विधेयैः क्रीडन्त्यो न खलु परतन्त्राः प्रभुधियः ।।१८।।

